प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 10.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दौरान रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं, यह देखना बहुत उत्साहजनक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 11 सालों में मजबूत सीमाएं, आधुनिक सशस्त्र बल, स्वदेशी हथियार, रिकॉर्ड रक्षा निर्यात और वैश्विक विश्वास से रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है।

0000

भारतीय सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में स्मरण कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करेगी। 26 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य सेवा, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा। इस सप्ताह से शुरू होने वाले एक विशेष अभियान में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। 1999 में इसी दिन भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों से रणनीतिक ऊंचाइयों को फिर हासिल करते हुए ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक पूरा किया था।

00000

राज्य के पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू को राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। श्री साहू की जगह अब प्रदेश में नए डीजीपी की नियुक्ति होगी। श्री साहू 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले हैं। वे 11 फरवरी 2024 को राजस्थान के डीजीपी बने थे। गौरतलब है कि आरपीएससी अध्यक्ष का पद पिछले साल एक अगस्त से संजय श्रोत्रिय के रिटायरमेंट के बाद से खाली था। तब से सदस्य कैलाशचंद मीणा कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे थे।

0000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग स्थित जैन मंदिर के कर्मचारी की वन्यजीव हमले मे मृत्यु के बाद हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। विभिन्न मांगों को लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीण गणेश धाम पर धरना देकर बैठे हुए हैं। इसके चलते आज जंगल सफारी के दौरान प्रातःकालीन पारी में जोन नंबर 1से 5 के पर्यटकों को अन्य रूट पर डाइवर्ट किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से समझाइश की जा रही है। मृतक के शव को सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है।

0000

झुंझुनूं में आज हाईपरटेंशन जन जागरूकता अभियान के तहत मैराथन का आयोजन किया गया। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस मैराथन के दौरान लोगों को हाई बीपी की गंभीरता, बचाव और समय पर जांच का संदेश दिया गया। ये मैराथन कलक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर राजकीय जे पी जानूं स्कूल तक आयोजित की गयी। मैराथन में विद्यार्थी, स्वास्थ्यकर्मी और आम लोगों ने भाग लिया।

0000

प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक झुलसाने वाली गर्मी का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और हीट वेव जारी रहने की संभावना है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में अगले दो–तीन दिन अधिकतम तापमान 47 से 48 डिग्री रहने और लू चलने की आशंका है। बीकानेर और चूरू में लू का ऑरेंज अलर्ट और झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, जैसलमेर, कोटा तथा बूंदी में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन स्थानों पर 10 जून तक तेज धूलभरी हवा चलने की भी चेतावनी दी गई है। इस बीच तापमान में बढोतरी का सिलसिला लगातार जारी है। कल ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 से 44 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज हुआ। बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 47 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। बीकानेर में 46, बाडमेर में 45 दशमलव 9, चूरू में 45 दशमलव 6, कोटा में 45 डिग्री सैल्सियस तापमान मापा गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 43 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया। विभाग ने लोगों को

दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, भरपूर पानी पीने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

0000

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद–आईसीसी ने इसकी घोषणा की है। इसके अनुसार धोनी इस साल सम्मानित होने वाले सात क्रिकेटरों में शामिल हैं। महेंद्र सिंह धोनी की बेहतरीन फिनिशर, नेतृत्वकर्ता और विकेटकीपर के रूप में विरासत को आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल करके सम्मानित किया गया है। सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी ने भारत को 2007 टी20 विश्व कप, 2011 विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दिलाई।

0000